सत्यमेव जयते

रेलवे भर्ती बोर्ड | RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीईएन ०१/२०२६ सहायक लोको पायलट (एएलपी) के पद पर भर्ती

CEN 01/2026 Recruitment of Assistant Loco Pilot (ALP)

Test Date	04/11/2026
Test Time	12:30 PM - 1:30 PM
Subject	RRB ALP 2026 CBT 1

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB ALP**

Q.1 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) के रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।
5 पोल - A, W, V, G और E में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सा पोल सबसे छोटा है?
(I) G केवल एक पोल से लंबा है। A, W से लंबा है।
(II) G, E से लंबा है।

Ans
✗ A. अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

✓ B.
कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✗ C.
कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त **नहीं** हैं।

✗ D.
अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

Q.2 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि किसी भी शर्त का अनुसरण नहीं होता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक ! * 3 # @ % 8 6 $?
कूट AEBDL Z TQJI
शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर प्रतिस्थापित कर दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
! * 3 # @

Ans
✓ A. AEBDL

✗ B. ZEBDL

✗ C. LEBDL

✗ D. AEQDL

Q.3 एक फिल्म को दर्शकों के दो समूहों से रेटिंग मिली। चालीस दर्शकों ने औसतन 8 अंक दिए, जबकि साठ दर्शकों ने औसतन 7 अंक दिए। कुल औसत रेटिंग ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 7.5

✗ B. 7.6

✗ C. 7.2

✓ D. 7.4

Q.4 A, B, C, D और E की आयु भिन्न-भिन्न है। C, केवल D तथा E से छोटा है। A, B से बड़ा है परंतु C से छोटा है। सबसे छोटा कौन है?

Ans
- ✔ A. B
- ✘ B. C
- ✘ C. D
- ✘ D. A

Q.5 एक व्यक्ति ने 3 वर्षों के लिए 8% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹56,500 का निवेश किया है। 3 वर्षों के बाद उसे प्राप्त होने वाली राशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 70,060
- ✘ B. 69,060
- ✘ C. 70,600
- ✘ D. 69,600

Q.6 6 cm त्रिज्या और 14 cm ऊँचाई वाले बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल (cm^2 में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = 22/7$ का प्रयोग कीजिए)

Ans
- ✘ A. 522
- ✘ B. 526
- ✘ C. 524
- ✔ D. 528

Q.7 एक कार के रेडिएटर में 84% एंटीफ्रीज वाला विलयन होना चाहिए। एक मोटरचालक के पास 54% एंटीफ्रीज वाला 4 लीटर विलयन है। 84% एंटीफ्रीज वाला विलयन प्राप्त करने के लिए उसे अपने विलयन में 95% एंटीफ्रीज द्रव का कितना लीटर (दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित) मिलाना चाहिए?

Ans
- ✘ A. 6.85
- ✘ B. 14.46
- ✘ C. 16.93
- ✔ D. 10.91

Q.8 पुराने उपकरणों को ऊर्जा-कुशल मॉडलों से प्रतिस्थापित करने के पश्चात, किसी परिवार की मासिक बिजली की खपत में 15% की कमी हो गई। यदि पहले वह प्रति माह 400 यूनिट बिजली की खपत करता था, तो वह अब कितनी यूनिट बिजली की खपत करता है?

Ans
- ✘ A. 345
- ✘ B. 365
- ✔ C. 340
- ✘ D. 300

Q.9 A, B, E, F, G, H और I में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E की परीक्षा शनिवार को है। H की परीक्षा, A की परीक्षा से ठीक पहले है। B की परीक्षा, F की परीक्षा के बाद किसी एक दिन है। I की परीक्षा, A की परीक्षा के ठीक बाद है। E और G के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। A और B के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✘ A. एक
- ✔ B. चार
- ✘ C. दो
- ✘ D. तीन

Q.10 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sin^2\theta - 2\sin^4\theta}{2\cos^3\theta - \cos\theta}$$

Ans
- ✔ A. $\tan\theta\sin\theta$
- ✘ B. $\cos\theta\cot\theta$
- ✘ C. $\cot\theta\sin\theta$
- ✘ D. $\tan\theta\sec\theta$

Q.11 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) # V $ A U % * € V S C & O X & Z * % @ @ F I (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 4
- ✗ C. 8
- ✓ D. 3

Q.12 यदि शब्द CONSULT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक का भी नहीं
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Q.13 एक कार विरामावस्था से नियत दर से त्वरित होना शुरू करती है। 5 सेकंड के बाद, उसका वेग 20 m/s हो जाता है। गति के चित्रात्मक निरूपण का उपयोग करके, उन 5 सेकंड में तय की गई दूरी ज्ञात करने के लिए किस समीकरण का उपयोग किया जाएगा, और प्राप्त परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✗ A. p = mv सूत्र का उपयोग करेंगे, इसलिए दूरी = 25 m होगी
- ✗ B. F = ma सूत्र का उपयोग करेंगे, इसलिए दूरी = 100 m होगी
- ✗ C. v = u + at सूत्र का उपयोग करेंगे, इसलिए दूरी = 20 m होगी
- ✓ D. $s = ut + 1/2\ at^2$ सूत्र का उपयोग करेंगे, इसलिए दूरी = 50 m होगी

Q.14 प्रतिरोधकता के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. प्रतिरोधकता, धारा के साथ परिवर्तित होती है
- ✓ B. प्रतिरोधकता किसी दिए गए तापमान पर एक पदार्थ के लिए नियत रहती है
- ✗ C. प्रतिरोधकता, धारा की आवृत्ति पर निर्भर करती है
- ✗ D. प्रतिरोधकता, अनुप्रयुक्त वोल्टता के साथ बदलती है

Q.15 एक दुकानदार ₹168 प्रति दर्जन की दर से 78 दर्जन वस्तुएं खरीदता है। वह प्रत्येक वस्तु को ₹35 में बेचता है। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 140%
- ✓ B. 150%
- ✗ C. 130%
- ✗ D. 160%

Q.16 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है तथा 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2 B 1 D 6 A 2 C 3 = ?

Ans
- ✓ A. 2
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✗ D. 5

Q.17 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

29 D 28 A 11 B 44 C 41 = ?

Ans
- ✗ A. −40
- ✓ B. −42
- ✗ C. −41
- ✗ D. −44

Q.18 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

TRT–WUW
IGI–LJL

Ans
- ✗ A. DAB–GEG
- ✗ B. DBD–FEF
- ✓ C. DBD–GEG
- ✗ D. DAB–FDF

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UAEH
- ✗ B. RXBE
- ✗ C. VBFI
- ✓ D. GNQT

Q.20 एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी भूलवश उत्तोलक की लोड भुजा को वह स्थान समझ लेता है जहां बल सदैव अनुप्रयुक्त होता है। कौन-सा सिद्धांत इस भ्रम को सर्वोत्तम रूप से दूर करता है?

Ans
- ✓ A. आयास भुजा वह स्थान है जहां बल अनुप्रयुक्त होता है
- ✗ B. आधार, बल की दिशा है
- ✗ C. लोड भुजा, आलंब को सपोर्ट प्रदान करती है
- ✗ D. आलंब वह बिंदु है जहां बल अनुप्रयुक्त होता है

Q.21 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
162 153 143 134 124 115 ?

Ans
- ✗ A. 103
- ✓ B. 105
- ✗ C. 112
- ✗ D. 108

Q.22 एक मशीन का मूल मूल्य ₹25,000 है। यदि मूल्यह्रास की दर 4% वार्षिक है, तो दो वर्ष बाद मशीन का मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹24,400
- ✗ B. ₹23,400
- ✗ C. ₹24,040
- ✓ D. ₹23,040

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी तत्व की संयोजकता का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. यह परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन की कुल संख्या होती है
- ✗ B. यह नाभिक में न्यूक्लिऑन की कुल संख्या होती है
- ✗ C. यह परमाणु में न्यूट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या के बीच का अंतर होता है
- ✓ D. यह त्यागे गए, ग्रहण किए गए या साझा किए गए इलेक्ट्रॉनों पर आधारित संयोजन क्षमता होती है

Q.24 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

ART LOW CRY FLU

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

Q.25 m का वह मान ज्ञात कीजिए, जो समीकरण $\left(\frac{11}{3}\right)^3 \times \left(\frac{3}{11}\right)^{13} \times \left(\frac{11}{3}\right)^6 = \left(\frac{3}{11}\right)^{3m+11}$ को संतुष्ट करता है।

Ans
- ✔ A. $-\frac{7}{3}$
- ✘ B. $\frac{5}{3}$
- ✘ C. $-\frac{5}{3}$
- ✘ D. $\frac{7}{3}$

Q.26 शब्द REFLIMS में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित अक्षरों के नए समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans
- ✘ A. 2
- ✔ B. 0
- ✘ C. 1
- ✘ D. 3

Q.27 $(17pq + 16q)^2 - (17pq - 16q)^2$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✘ A. $544p^2q^2$
- ✘ B. $544pq^2$
- ✘ C. $1088p^2q$
- ✔ D. $1088pq^2$

Q.28 निम्नलिखित अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
DFC 11, IKH 18, NPM 25, SUR 32, ?

Ans
- ✘ A. ZWX 38
- ✘ B. VXZ 39
- ✘ C. UXW 38
- ✔ D. XZW 39

Q.29 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
62 73 95 139 227 ?

Ans
- ✘ A. 401
- ✔ B. 403
- ✘ C. 407
- ✘ D. 408

Q.30 यदि संख्या 5287463 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के सभी विषम अंकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 26
- ✘ B. 22
- ✘ C. 20
- ✔ D. 24

Q.31 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

Q: पांच व्यक्ति – गौतम, हीरल, इवान, जीविका और केशव – एक पंक्ति में खड़े हैं। सबसे पीछे कौन खड़ा है?

(I) हीरल, इवान के पीछे है लेकिन गौतम के आगे है।
(II) जीविका, गौतम के पीछे है और केशव, जीविका के पीछे है।

Ans
- ✘ A. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✘ B. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✔ C. दोनों कथन I और II एक साथ (न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✘ D. कथन II में दिया गया डेटा अ _____ नहीं है

Q.32 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$(6561)^{0.18} \times (6561)^{0.07}$

Ans
- ✔ A. 9
- ✘ B. 5
- ✘ C. 6
- ✘ D. 4

Q.33 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

86 - 13 ÷ 127 + 684 × 12 = ?

Ans
- ✘ A. 1169
- ✔ B. 1188
- ✘ C. 1135
- ✘ D. 1122

Q.34 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 4 का संबंध 38 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 83 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 13 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 109
- ✘ B. 112
- ✔ C. 119
- ✘ D. 115

Q.35 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 21 का संबंध 147 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 25 का संबंध 175 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 33 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✘ A. 241
- ✘ B. 221
- ✔ C. 231
- ✘ D. 251

Q.36 एक विद्यालय में, कक्षा X को तीन सेक्शनों A, B और C में विभाजित किया गया है। सेक्शन A और B में विद्यार्थियों का अनुपात 1: 3 है, तथा सेक्शन B और C में विद्यार्थियों का अनुपात 4: 5 है। यदि कक्षा X में विद्यार्थियों की कुल संख्या 341 है, तो सेक्शन A में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✘ A. 42
- ✘ B. 46
- ✔ C. 44
- ✘ D. 40

Q.37 रोशन बिंदु A से बिंदु B तक 25 km/h की चाल से जाता है और बिंदु B से बिंदु A तक 31 km/h की चाल से वापस आता है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 27.32 km/h
- ✔ B. 27.68 km/h
- ✘ C. 27.84 km/h
- ✘ D. 27.49 km/h

Q.38 AB और CD दो समांतर रेखाएं हैं। एक अन्य रेखा EF इन समांतर रेखाओं को क्रमशः M और N पर प्रतिच्छेद करती है। कोणों BMN और MND के द्विभाजक बिंदु P पर मिलते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✘ A. MNP एक समकोण त्रिभुज है, जिसका कोण M समकोण है।
- ✔ B. MNP एक समकोण त्रिभुज है, जिसका कोण P समकोण है।
- ✘ C. MNP एक समकोण त्रिभुज है, जिसका कोण N समकोण है।
- ✘ D. MNP एक समकोण त्रिभुज नहीं है।

Q.39 कौन-सा मान उस दाब को दर्शाता है जो हृदय के संकुचन के समय रक्त द्वारा धमनी भित्तियों पर डाला जाता है?

Ans
- ✗ A. वायु दाब
- ✗ B. अनुशिथिलक दाब
- ✗ C. माध्य धमनी दाब
- ✓ D. प्रकुंचन-दाब

Q.40 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के दो समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दिए गए दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

OAT : QWV
SSX : UOZ

Ans
- ✗ A. UST : WPV
- ✗ B. TKY : WGB
- ✓ C. WKB : YGD
- ✗ D. LWK : PUO

Q.41 निम्नलिखित का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

$$\left(\frac{9x^2-68xy+64y^2}{3x-8y}-3x+8y+\frac{10xy}{3x-8y}\right)\left(\frac{64y^2-9x^2}{3x+8y}\right)$$

Ans
- ✓ A. 10xy
- ✗ B. 3x − 8y
- ✗ C. −10xy
- ✗ D. 3x + 8y

Q.42 किसी विद्यालय का उपस्थिति डैशबोर्ड पांच क्रमागत दिनों की उपस्थिति को दर्ज करता है। चार दिनों पर उपस्थिति 48, 50, 47, और 53 विद्यार्थी थी। यदि डैशबोर्ड सभी पांच दिनों में विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति को 50 के रूप में रिपोर्ट करता है, तो पांचवें दिन उपस्थिति ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 51
- ✗ B. 50
- ✗ C. 54
- ✓ D. 52

Q.43 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. EA – VR
- ✗ B. UQ – LH
- ✓ C. OK – GB
- ✗ D. RN – IE

Q.44 Ai, Bf, Cx, Dj, Ey, Fu और Gt एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Bf, Cx के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Gt, Cx के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Dj, Ai के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Ey, Fu के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Ey के बाईं ओर से गिनती करने पर Ey और Gt के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✓ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.45 पर्याप्त ऑक्सीजन की उपस्थिति में कार्बन यौगिक के पूर्ण दहन से सदैव कौन-सी गैस उत्पन्न होती है?

Ans
- ✗ A. मेथेन
- ✗ B. कार्बन मोनोऑक्साइड
- ✓ C. कार्बन डाइऑक्साइड
- ✗ D. ऑक्सीजन

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से ORVX का संबंध YBFH से है। उसी तरीके से ADHJ का संबंध KNRTसे है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, JMQS का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. TWZC
- ✗ B. TXZB
- ✓ C. TWAC
- ✗ D. TVZC

Q.47 एक मोबाइल एक्सेसरीज़ रिटेलर ने सीज़न के अंत की सेल के दौरान बिना बिके चार्जरों के एक बैच को क्लियर कर दिया। इस बैच की मूल कीमत ₹6,000 थी, परंतु शेल्फ में स्थान खाली करने के लिए इसे ₹5,700 में बेच दिया गया। रिटेलर की हानि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 290
- ✗ B. 320
- ✗ C. 280
- ✓ D. 300

Q.48 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) J H # P N @ $ R & Z Ω T £ D V R Y (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक व्यंजन भी है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.49 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए:
(बाएं) W Z L V B R O F V Y N K H V N T G B J D C Y Z Q D X (दाएं)
इस शृंखला में बाएं छोर से तीसरे अक्षर और दाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. चार
- ✗ C. छह
- ✗ D. पांच

Q.50 अरविंद बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 13 km ड्राइव करता है, फिर से दाएँ मुड़कर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़कर 18 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़कर 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ A. 5 km पूर्व की ओर
- ✗ B. 5 km पश्चिम की ओर
- ✗ C. 4 km पूर्व की ओर
- ✗ D. 4 km पश्चिम की ओर

Q.51 एक नल एक टंकी को 8 घंटे में भर देता है, जबकि दूसरा नल पूरी टंकी को 16 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी प्रारंभ में खाली है और दोनों नल एक साथ खोल दिए जाते हैं, तो टंकी का आधा हिस्सा भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✗ A. 16
- ✗ B. 24
- ✗ C. 12
- ✓ D. 8

Q.52 किसी राशि को 12% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) पर निवेश किया जाता है। यदि 2 वर्ष बाद यह राशि ₹25,088 हो जाती है, तो निवेश की गई राशि कितनी थी?

Ans
- ✗ A. ₹19,000
- ✗ B. ₹22,000
- ✓ C. ₹20,000
- ✗ D. ₹21,000

Q.53 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 241 826 356 742 961 (दाएं)

(उदाहरण के लिए, 697 लीजिए – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को दूसरी सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक से गुणा किया जाए, तो क्या परिणाम प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. 18
- ✗ B. 9
- ✗ C. 56
- ✓ D. 36

Q.54 यदि $12 \sin y + \cos y = \sqrt{8} \sin y$ हो, तो $\tan y$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{-13 - \sqrt{8}}{136}$
- ✓ B. $\frac{-12 - \sqrt{8}}{136}$
- ✗ C. $\frac{-12 - \sqrt{8}}{141}$
- ✗ D. $\frac{-12 - \sqrt{8}}{146}$

Q.55 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं की जा सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
3 – 12 – 24 – 36 ; 5 – 20 – 40 – 52

Ans
- ✗ A. 7 – 28 – 54 – 66
- ✗ B. 8 – 32 – 64 – 74
- ✗ C. 6 – 30 – 60 – 72
- ✓ D. 4 – 16 – 32 – 44

Q.56 50 cm व्यास वाले एक वृत्त में 14 cm लंबाई की दो बराबर समांतर जीवाएं हैं, जिनके बीच की दूरी y cm है। y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 28
- ✓ B. 48
- ✗ C. 36
- ✗ D. 24

Q.57 N, Q, V, C, T, G और K में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। G की परीक्षा गुरुवार को है। V के बाद केवल पांच व्यक्तियों की परीक्षा है। K और G के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। Q की परीक्षा, G की परीक्षा से पहले है लेकिन C की परीक्षा के बाद है। T की परीक्षा शुक्रवार को नहीं है। K से ठीक पहले किसकी परीक्षा है?

Ans
- ✓ A. N
- ✗ B. G
- ✗ C. T
- ✗ D. C

Q.58 यदि किसी प्रीमियम हेडफोन के अंकित मूल्य पर 15% और 10% की क्रमिक छूट देने के बाद उसका विक्रय मूल्य ₹15,300 है, तो उसका अंकित मूल्य (₹ में) क्या था?

Ans
- ✗ A. 21,000
- ✗ B. 18,000
- ✓ C. 20,000
- ✗ D. 19,500

Q.59 सात बॉक्स C, D, E, F, K, L और M एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। F और C के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। M को F के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। C और D के बीच केवल E को रखा गया है। K को C के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। L और C के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✔ A. दो
- ✘ B. एक
- ✘ C. चार
- ✘ D. तीन

Q.60 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 19 और 46, दोनों से विभाज्य है?

Ans
- ✘ A. 17849
- ✘ B. 15005
- ✘ C. 17039
- ✔ D. 16606

Q.61 L, M, N, O, G, H और I में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। N से पहले केवल M की परीक्षा है। L और H के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। I और N के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। O की परीक्षा, H से पहले किसी दिन और G के बाद किसी दिन है। L के बाद कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
- ✘ A. एक
- ✘ B. दो
- ✘ C. तीन
- ✔ D. चार

Q.62 किसी स्टोर में X और Y प्रकार के दो डिजिटल स्टोरेज डिवाइस 3 : 8 के अनुपात में हैं। यदि X प्रकार के 24 डिवाइस हैं, तो Y प्रकार के डिवाइसों की संख्या, X प्रकार के डिवाइसों की संख्या से कितनी अधिक है?

Ans
- ✘ A. 64
- ✔ B. 40
- ✘ C. 32
- ✘ D. 48

Q.63 निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 10 18 34 66 ?

Ans
- ✘ A. 133
- ✘ B. 128
- ✔ C. 130
- ✘ D. 134

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
RGZ 12, VDD 17, ZAH 22, DXL 27, ?

Ans
- ✘ A. GUQ 32
- ✔ B. HUP 32
- ✘ C. GVR 30
- ✘ D. HWQ 30

Q.65 एक निश्चित कूट भाषा में, 'XJCQ' को '108' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PNST' को '78' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'OBYN' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✘ A. 101
- ✘ B. 110
- ✔ C. 104
- ✘ D. 108

Q.66 शब्द PRINTED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, बाएं से तीसरा होगा?

Ans
✗ A. M
✓ B. J
✗ C. S
✗ D. F

Q.67 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
DEN GOD WAR BOA
प्रत्येक शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✗ A. चार
✗ B. दो
✓ C. तीन
✗ D. एक

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में, 'UHRD' को '57' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SALM' को '63' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'YFCP' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ A. 61
✗ B. 52
✓ C. 58
✗ D. 55

Q.69 यदि नेफ्रॉन में चयनात्मक पुन:अवशोषण कार्य करना बंद कर दे, तो निम्नलिखित में से क्या होने की संभावना है?

Ans
✗ A. निस्यंदन पूरी तरह से रुक जाएगा
✓ B. आवश्यक पोषक तत्व मूत्र के माध्यम से नष्ट हो जाएंगे
✗ C. शरीर में अधिक अपशिष्ट जमा हो जाएंगे
✗ D.
मूत्र ठोस हो जाएगा

Q.70 यदि लकड़ी के एक बेलन की त्रिज्या 20 cm है और इसकी ऊंचाई 7 m है, तो ₹165 प्रति m^2 की दर से इसके वक्र पृष्ठ को पॉलिश करने की कुल लागत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ A. 1,452
✗ B. 1,245
✗ C. 1,524
✗ D. 2,145

Q.71 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक 8 6 % 5 # ! & 9 3 ?
कूट Y A V J P Q N X K I
शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो उनके कूट परस्पर बदल दीजिए।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव, विषम संख्याएं हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध कीजिए।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है और पांचवां अवयव एक संख्या है, तो दोनों को © के रूप में कूटबद्ध कीजिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
8 6 % 5 #

Ans
✗ A. PAVJP
✗ B. YANJP
✗ C. YAVJZ
✓ D. YAVJP

Q.72 सात व्यक्ति, E, F, G, H, W, X और Y, एक गोल मेज के परित: उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G, F के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। H, Y के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। F के बाईं ओर से गिनने पर, F और Y के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H या F का निकटतम पड़ोसी W नहीं है। X, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. Y
- ✗ B. F
- ✗ C. G
- ✓ D. X

Q.73 विनोद बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करके पूर्व की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 9 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़कर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़कर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 4 km ड्राइव करता है। अंत में वह फिर दाएं मुड़कर 9 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। वापस बिंदु A तक पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✓ A. 10km उत्तर की ओर
- ✗ B. 9km उत्तर की ओर
- ✗ C. 11km उत्तर की ओर
- ✗ D. 12km उत्तर की ओर

Q.74 S, T, U, V, और W एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। U, S के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। V, U के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। W, V का निकटतम पड़ोसी नहीं है। W के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✓ A. U
- ✗ B. T
- ✗ C. S
- ✗ D. V

Q.75 ग्रंथियों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म, उस तरल पदार्थ का स्राव करता है जो शुक्राणु को पोषण देता है और उन्हें सक्रिय रखने में मदद करता है?

Ans
- ✗ A. शुक्रवाहक और मूत्रमार्ग
- ✗ B. वृषणकोश और मूत्रमार्ग
- ✗ C. वृषण और वृषणकोश
- ✓ D. शुक्राशय और प्रोस्टेट

"